# व्हाइट राइनो

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

क्लोनिंग, जीन संपादन और प्रजातियों के **विलुप्तीकरण पर आधारित वृत्तचित्र 'द रिसर्जेक्शन क्वेस्ट'** को नार्थ व्हाइट राइनो को बचाने के प्रयासों को प्रदर्शित करने के लिये गोल्ड डॉल्फिन पुरस्कार मिला।

## व्हाइट राइनो

- **परिचय: व्हाइट राइनो हाथी** के बाद दूसरे सबसे बड़े स्थलीय स्तनपायी हैं।
- **उप-प्रजातियाँ:** यह **प्रजाति** आनुवंशिक रूप से दो अलग-अलग उप-प्रजातियों में विभाजित है - **नॉर्दन व्हाइट राइनो और सदर्न व्हाइट राइनो**।
- **प्राकृतिक आवास:**
  - **नॉर्दन व्हाइट राइनो:** केवल **दो मादाएँ बची** हैं (**कार्यात्मक रूप से विलुप्त**), दोनों ओल **पेजेटा कंजरवेंसी, केन्या** में रहती हैं।
  - **सदर्न व्हाइट राइनो:** यह मुख्यतः **साउथ अफ्रीका, नामीबिया, ज़िम्बाब्वे और केन्या** (98.8% जनसंख्या) में पाया जाता है।
- **सफेद गैंडे की IUCN स्थिति:** संकटग्रस्त।
- **सामाजिक व्यवहार:** लगभग **14 राइनो** के समूह बनते हैं, जिनमें **मुख्यतः मादाएँ अपने बच्चों के साथ** होती हैं। **वयस्क नर, खुरचकर रखे गए गोबर के ढेर से चिह्नित क्षेत्रों** की रक्षा करते हैं।
  - **वयस्क मादाओं** का **घरेलू क्षेत्र बड़ा** होता है, जबकि **प्रजनन करने वाली मादाएँ प्रमुख नर** के क्षेत्र में ही रहती हैं।
- **प्राथमिक खतरा: अवैध शिकार** मुख्य खतरा है। दशकों से सींगों के अवैध शिकार के कारण **नॉर्दन व्हाइट राइनो** विलुप्त होने के कगार पर हैं।

# गैंडा RHINOCEROS

**विश्व गैंडा दिवस- 22 सितंबर (2010 में WWF द्वारा घोषित)**

| गैंडे की 5 मुख्य प्रजातियाँ | | | |
|---|---|---|---|
| प्रजातियाँ | क्षेत्र, जहाँ पाए जाते हैं | IUCN की रेड लिस्ट में स्थिति | आवास |
| अफ्रीकन व्हाइट | अफ्रीका | संकट के निकट | लंबी और छोटी घास वाले सवाना क्षेत्र |
| अफ्रीकन ब्लैक | अफ्रीका | गंभीर रूप से संकटग्रस्त | अर्ध-रेगिस्तानी सवाना |
| एक सींग वाले गैंडे | एशिया | सुभेद्य | उष्णकटिबंधीय घास के मैदान |
| जावा | एशिया | गंभीर रूप से संकटग्रस्त। | उष्णकटिबंधीय, उपोष्णकटिबंधीय वन |
| सुमात्रा | एशिया | गंभीर रूप से संकटग्रस्त। | सवाना की तरह ही |

**उजुंग कुलोन नेशनल पार्क (यूनेस्को WHS)**
**पृथ्वी पर अंतिम शेष जंगली जावा राइनो का घर है**

## एक सींग वाले गैंडे

केवल भारत में पाई जाने वाली प्रजाति (इंडियन राइनो)

### विशेषताएँ

- 5 प्रजातियों में से सबसे बड़ी प्रजाति
- एक काली सींग और त्वचा की सिलवटों के साथ एक भूरे रंग की खाल से पहचाना जाता है

### खतरे

- सींगों के लिये अवैध शिकार
- आवास की क्षति
- आनुवंशिक विविधता में कमी

### संरक्षित क्षेत्र (भारत)

- **उत्तरप्रदेश :**
  - दुधवा टाइगर रिज़र्व
- **पश्चिम बंगाल :**
  - जलदापारा राष्ट्रीय उद्यान
  - गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान
- **असम:**
  - पबितोरा वन्यजीव अभ्यारण्य
  - ओरंग राष्ट्रीय उद्यान
  - काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान(गैंडों की अधिकतम संख्या: ~2400)
  - मानस राष्ट्रीय उद्यान

### संरक्षण प्रयास (भारत)

- राष्ट्रीय राइनो संरक्षण रणनीति
- इंडियन राइनो विजन 2020 (2005 में लॉन्च)

**एशियाई गैंडों पर नई दिल्ली घोषणा 2019**
5 राइनो रेंज के 5 देशों (भारत, भूटान, नेपाल, इंडोनेशिया और मलेशिया) द्वारा हस्ताक्षरित

Drishti IAS

**और पढ़ें:** [वह्राइट राइनो]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/white-rhino-2